MPS-002

राजनीति विज्ञान में स्नातकोत्तर उपाधि कार्यक्रम (एमपीएस)

सत्रीय कार्य

(प्रथम वर्ष)

जुलाई 2025 और जनवरी 2026 सत्र के लिए

Faculty of Political Science
SCHOOL OF SOCIAL SCIENCES
INDIRA GANDHI NATIONAL OPEN UNIVERSITY
MAIDAN GARHI, NEW DELHI-68

एम.ए. (राजनीति विज्ञान)

अनिवार्य पाठ्यक्रम

प्रिय विद्यार्थी,

जैसा कि आपको राजनीति विज्ञान में स्नातकोत्तर उपाधि कार्यक्रम से संबंधित कार्यक्रम दर्शिका में बताया गया है कि राजनीति विज्ञान के प्रत्येक अनिवार्य पाठ्यक्रम के लिए आपको एक अध्यापक जाँच सत्रीय कार्य (टीएमए) करना होगा। इस पुस्तिका में राजनीति विज्ञान के स्नातकोत्तर उपाधि कार्यक्रम के प्रथम वर्ष के पाठ्यक्रम के सत्रीय कार्य सम्मिलित हैं।

सभी सत्रीय कार्यों को निर्धारित समय के भीतर जमा करना अत्यंत आवश्यक है, ताकि आप सत्रांत परीक्षा देने के पात्र हो सकें। सत्रीय कार्य करने से पहले, कृपया कार्यक्रम दर्शिका में दिए गए निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें।

यह महत्वपूर्ण है कि आप सत्रीय कार्य (अध्यापक जाँच सत्रीय कार्य) के सभी प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखें। आपके उत्तर भाग-विशेष के लिए निर्धारित की गई शब्द-सीमा के भीतर होने चाहिए। याद रखिये, सत्रीय कार्य के प्रश्नों के उत्तर लिखने से आपकी लेखन शैली में सुधार होगा और ये आपको सत्रांत परीक्षा के लिए तैयार करेंगे।

इसके साथ ही, सभी सत्रीय कार्यों को पूरा करके अपने **अध्ययन केंद्र के संचालक के पास जमा कराएं।** जमा कराए गए सत्रीय कार्यों की अध्ययन केंद्र से रसीद अवश्य प्राप्त कर लें और उसे अपने पास संभाल कर रखें। अगर संभव हो, तो सत्रीय कार्यों की एक फोटोप्रति भी अपने पास रखें।

मूल्यांकन के पश्चात अध्ययन केंद्र आपको सत्रीय कार्य वापस कर देगा। कृपया इस पर विशेष ध्यान दें। अध्ययन केंद्र द्वारा अंकों को विद्यार्थी मूल्यांकन प्रभाग, इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, नई दिल्ली के पास भेजना होता है।

प्रस्तुतीकरण: हल किए गए प्रश्नों को निम्नलिखित समय-सारणी के अनुसार भेजें।

सत्र	सत्रीय कार्य जमा करने की तारीख	सत्रीय कार्य जमा करने का स्थान
जुलाई, 2025 सत्र के लिए **जनवरी, 2026 सत्र के लिए**	**31 मार्च, 2026** **30 सितंबर 2026**	**अपने अध्ययन केंद्र के संयोजक के पास**

शुभकामनाओं के साथ,

राजनीति विज्ञान संकाय

अंतर्राष्ट्रीय संबंध: सिद्धांत और समस्याएँ

(MPS-002)

अध्यापक जाँच सत्रीय कार्य

पाठ्यक्रम कोड: MPS-002

सत्रीय कार्य कोड: ASST/TMA/2025-26

अंक: 100

नोट: प्रत्येक भाग से कम-से-कम दो प्रश्न चुनते हुए कुल पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

भाग - I

प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 500 शब्दों में दीजिए (प्रत्येक 20 अंक)

1. अंतर्राष्ट्रीय संबंधों में यथार्थवादी दृष्टिकोण की व्याख्या कीजिए।

2. अंतर्राष्ट्रीय संबंधों में मार्क्सवाद और नवउपनिवेशवाद का आलोचनात्मक परीक्षण कीजिए।

3. वैश्विकवाद और वैश्वीकरण के बीच अंतर स्पष्ट कीजिए।

4. वैश्विक पर्यावरणीय संकटों में उत्तर-दक्षिण विभाजन का विश्लेषण कीजिए।

5. आत्मनिर्णय और उसकी समकालीन प्रासंगिकता को परिभाषित कीजिए।

भाग - II

प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 250 शब्दों में दीजिए (प्रत्येक 20 अंक)

6. (क) अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा समुदाय क्या हैं?

   (ख) पार राष्ट्रीय आंदोलनों पर चर्चा कीजिए।

7. (क) अंतर्राष्ट्रीय संबंधों में विज्ञान और प्रौद्योगिकी की भूमिका पर टिप्पणी कीजिए।

   (ख) वैश्विक राजनीति में गैर-सरकारी संगठनों की भूमिका की व्याख्या कीजिए।

8. (क) क्षेत्रवाद और उसके पीछे के सिद्धांतों को परिभाषित कीजिए।

   (ख) अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंक के कार्यों की व्याख्या कीजिए।

9. (क) परमाणु प्रसार किस प्रकार संकट उत्पन्न करता है?

   (ख) जातीय पुनरुत्थान और पहचान-आधारित संघर्षों का परीक्षण कीजिए।

10. (क) हस्तक्षेप: प्रकार और अंतर्राष्ट्रीय कानून के आयामों पर चर्चा कीजिए।

    (ख) अंतर्राष्ट्रीय आतंकवाद बनाम सीमा-पार संघर्ष पर एक टिप्पणी लिखिए।